राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने नई दिल्ली में 'इण्डिया सीएसआर एण्ड ईएसजी समिट 2024' में भाग लिया

'इंडिया सीएसआर आउटलुक रिपोर्ट 2024' का लोकार्पण किया

कहा, कॉर्पोरेट जगत राष्ट्र के सतत विकास के संवाहक बनें

जयपुर, 17 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि कॉर्पोरेट जगत सामाजिक दायित्व समझते हुए राष्ट्र के सतत विकास के संवाहक बनें। उन्होंने कहा कि समाज से जितना लाभ लिया जाए, उसे नैतिक मूल्य रखते हुए सभी लौटाएं भी ताकि सामाजिक समरसता और संतुलन बना रहे।

श्री बागडे नई दिल्ली में आयोजित 'इण्डिया सीएसआर एण्ड ईएसजी समिट 2024' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य देश को आर्थिक महाशक्ति ही नहीं बनाना है बल्कि राष्ट्र को सामाजिक रूप में भी सशक्त कर सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना है। उन्होंने औद्योगिक संगठनों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत समाज में सभी क्षेत्रों में विकास और अच्छी कार्यदिशाओं के साथ खुशहाली बढ़ाने की दिशा में कार्य किए जाने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने सीएसआर के तहत प्राकृतिक खेती में भी सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसानों को देशी बीज, रसायन रहित खेती के लिए प्रशिक्षण और कम पानी में अधिक पैदावार के लिए प्रशिक्षण दिए जाने पर भी सीएसआर के तहत कार्य हो। इससे पहले राज्यपाल श्री बागडे ने इंडिया सीएसआर आउटलुक रिपोर्ट 2024 का लोकार्पण और वहीं आयोजित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

———

India CSR
India CSR Outlook Report 2024
India CSR
India CSR & ESG Summit

India CSR & ESG
India CSR & ESG Summit